प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

केंद्र सरकार ने आज एलपीजी तथा पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता और आपूर्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट की। नामकुम में आयोजित राज्य स्तरीय प्रेस ब्रीफींग में पत्र सूचना कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार है तथा आपूर्ति सामान्य है। उन्होंने कहा कि 95 प्रतिशत बुकिंग डिजिटल माध्यम से की जा रही है। सभी तेल विपणन कंपनियों के साथ समन्वय बनाकर वितरण व्यवस्था को सुचारु रखा गया है।

****

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संभावित वृद्धि से संबंधित समाचारों का खंडन किया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सरकार के समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी खबरें नागरिकों में भय और दहशत पैदा करने के उद्देश्य से फैलाई गई हैं और ये दुर्भावनापूर्ण तथा भ्रामक हैं।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने पीजीटी नियुक्ति में जेएसएससी को याचिका दायर करने वाले अभ्यर्थियों की योग्यता और मेरिट के आधार पर नियुक्ति पर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अदालत को बताया कि 2023 में जेएसएससी द्वारा नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में बीसी–2 वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या कम दर्शायी गई थी। राज्य सरकार की आरक्षण नीति की अनदेखी करते हुए बीसी–2 कोटे के पदों में कटौती कर दी गई थी। सुनवाई के दौरान जेएसएससी ने भी स्वीकार किया कि आरक्षण निर्धारण में त्रुटि हुई थी और बीसी–2 कोटे में 100 से अधिक पद कम दर्शाए गए थे।

****

केंद्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई दसवीं परीक्षा 2026 का दूसरा चरण 15 मई से आयोजित करेगा। यह परीक्षा वैकल्पिक है और जो विद्यार्थी पहले चरण में प्राप्त अपने अंक सुधारना चाहते हैं वे इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किन्ही तीन विषयों में अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए परीक्षा दे सकते हैं। बोर्ड ने दसवीं के लिए पहली मुख्य परीक्षा के परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किए थे।

यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है। इसका उद्देश्य एक शैक्षणिक वर्ष में विद्यार्थियों को दूसरा अवसर देकर परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करना है।

****

हजारीबाग सर्किट हाउस के निकट स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उनके बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह देश के लिए अपने प्राणों को न्योक्षावर किया था।

****

हजारीबाग जिले के पदमा ओपी थाना क्षेत्र के इटखोरी मोड़ के समीप रांची—पटना मुख्य मार्गएक ट्रक और ट्रेलर के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मुख्य मार्ग पर आवाजाही को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। ट्रक में कोल्ड ड्रिंक था, जिससे आग और तेजी से फैल गई। अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी गई है और आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं।

****

मौसम विभाग ने 24 अप्रैल से मौसम में बदलाव के संकेत हैं। देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में गर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।

************समाप्त**************